## सीएम योगी ने आम बजट का प्रदेश पर असर समझाया, कहा-

# विकास, निवेश, रोजगार के अवसर खुलेंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम बजट रिफॉर्म, ग्रोथ और फिस्कल डिसिप्लिन का संतुलित दस्तावेज है। यह नए भारत के निर्माण के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। बजट में सड़क, स्पीड, शासन के साथ निर्णायक नेतृत्व की झलक भी है। किसान, युवा, महिला, गरीब सभी पक्षों का ध्यान रखा गया है। इसमें उत्तर प्रदेश की उम्मीदों की पूर्ति हुई है।

### यूपी बनेगा कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स का हब



सीएम ने कहा, बजट में 12.20 लाख करोड़ का इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड यूपी में बुनियादी विकास, कनेक्टिविटी को नई गति देगा। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रदेश से गुजर रहे हैं और प्रदेश में देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स हब विकसित हो रहा है। बजट में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में 2 यूपी को मिले हैं। इन ट्रेनों की गति 300 से 500 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी।

आम बजट का यूपी पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ के प्रावधान से यूपी को सबसे ज्यादा लाभ होगा क्योंकि प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं। इससे तीन करोड़ लोग जुड़े हैं। यह फंड ओडीओपी के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसे ब्रांडिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग और एक्सपोर्ट से जोड़कर आगे बढ़ाया है। नई तकनीक, स्किल ट्रेनिंग, आधुनिक पैकेजिंग और वैश्विक निर्यात बाजारों से जोड़ने का मार्ग मजबूत होगा। ब्यूरो

>> रक्षा बजट के बाद यूपी में बढ़ सकते हैं डिफेंस कॉरिडोर : पेज 2